पुनरावर्तन-2

प्रश्न 1. निम्नलिखित कविताओं का लयबद्ध गान कीजिए :

(1) बेटी (2) धरती की शान

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में योग्य विरामचिह्न का प्रयोग कर वाक्य फिर से लिखिए :

(1) पेड़ परोपकारी होते हैं

(2) वाह कितना अच्छा गाना है

(3) छुट्टियों में आप कहाँ-कहाँ घूमने जाते हैं

(4) गाँधी जी को हम महात्मा कहते हैं

(5) वह पढ़ने में अच्छा है, खेलकूद में भी अव्वल है

(6) जय जवान जय किसान लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था

(7) दशरथ राजा के चार पुत्र थे राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न

(8) आशिष दिन रात मेहनत करता है

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :

(1) है का गुजरात पावागढ़ गौरव।

(2) उपयोगी पेड़ में मानव-जीवन हैं।

(3) चाहिए समय हमें खेलते रहना सावधान।

(4) संगति की लोगों हमें चाहिए सज्जन करनी।

(5) अच्छी अपनी हमेशा बात योग्य चीज-वस्तुएँ है जगह रखना।

प्रश्न 4. निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :

सारी स्थिति स्पष्ट थी। प्रजापति ने कहा, ''देवता ही श्रेष्ठ हैं। जानते हो क्यों? इसलिए कि इन्होंने सहकार की भावना से काम किया है। खुद भी खाओ और दूसरों को भी खिलाओ। जिओ और जीने दो। वह थी इनकी विशेषता। इन्होंने बुद्धि से काम लिया। सूझ-बूझ दिखाई। वे आमने-सामने बैठ गए। एक-दूसरे के मुँह में लड्डू देते रहे, थोड़ी देर में थाल साफ़ कर दिया।''

प्रश्न 5. निम्नलिखित अपूर्ण कहानी को अपने शब्दों में मौखिक एवं लिखित रूप में पूर्ण कीजिए :

रामपुर नामक गाँव था। उस गाँव में भोलु नाम का एक लड़का रहता था। वह पढ़ाई करता था, एक दिन वह पाठशाला जा रहा था। रास्ते में उन्हें रेल की पटरियों को पार करना पड़ता था। उसने देखा कि रेल की पटरी एक जगह से उखड़ी हुई है।

भोलु ने सोचा कि इससे तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

उसी समय रेलगाड़ी दूर से आ रही थी। भोलु ने उसे देखा। संजोग से भोलु ने उस दिन लाल कमीज पहनी हुई थी। तुरंत उसने सोचा....

बच्चो, अब आप रेलगाड़ी को दुर्घटना से बचाइए।

प्रश्न 6. चर्चा कीजिए :

जल ही जीवन है। क्यों?

प्रश्न 7. आपने (टी.वी.) दूरदर्शन पर प्रसारित होनेवाले 'गम्मत गुलाल' जैसे हास्य के कार्यक्रम देखे होंगे। उसमें सुने हुए चुटकुलों में से किसी एक को अपनी भाषा में लिखिए।

प्रश्न 8. सवाल हमारे, जवाब आपके और हँसी सबकी। दिए गए प्रश्नों के ऐसे जवाब दीजिए कि मुस्कान के मोती बन जाएँ :

(1) सूर्य न निकले तो क्या होगा?

(2) बारिश के बाद बिजली क्यों होती है?

(3) अंग्रेजों ने भारत में पहला कदम रखा, फिर क्या किया?

(4) दादाजी के सिर के बाल सफेद और मूछों के बाल काले क्यों है?

प्रश्न 9. (अ) निम्नलिखित विधानों का काल पहचानकर [ ] में लिखिए :

(1) बाग में कोयल बोलती है। [ ]

(2) धारा ने अपना गृहकार्य पूर्ण किया। [ ]

(3) मैं पूरी लगन से पढ़ूँगा। [ ]

(4) मिट्टी से खुशबू आ रही है। [ ]

(5) बाढ़ के कारण कई मकान गिर पड़े। [ ]

(6) मैं डॉक्टर बनूँगा। [ ]

(ब) निम्नलिखित शब्दों से उदाहरण के अनुसार वर्तमानकाल, भूतकाल और भविष्यकाल का एक-एक वाक्य बनाइए :

उदाहरण : पढ़ना : (1) वर्तमानकाल : मैं पढ़ता हूँ।

(2) भूतकाल : मैं पढ़ता था।

(3) भविष्यकाल : मैं पढ़ूँगा।

(1) खेलना (2) लिखना (3) दौड़ना

स्व–अध्ययन

- इस पहेली को ध्यान से देखिए । इसमें देश की ऐसी नौ प्रांतीय भाषाओं के नाम हैं, जो अपने–अपने प्रांतों में सर्वाधिक प्रयोग में लाई जाती हैं । खोजिए और बताइए, वे भाषाएँ कौन–कौन सी हैं और किस प्रदेश की हैं ?



स्व-लेखन

- सुनी हुई एक मज़ेदार कहानी अपने शब्दों में लिखिए ।

स्व-लेखन

- मित्र को अपने जन्मदिन पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।

स्व-लेखन

- डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन और कवन (कार्य) के बारे में लिखिए ।